# व्यावहारिक व्याकरण

## पदबंध

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. **वाक्य में जब अनेक पद मिलकर एक ही व्याकरणिक इकाई का काम करते हैं तो वह पद-समूह कहलाता है–**
   (क) पद-परिचय (ख) पदबंध
   (ग) पदसंचय (घ) पदच्छेद।
2. **जब शब्द वाक्य में प्रयुक्त हो जाता है तो वह कहलाता है–**
   (क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग
   (ग) पद (घ) समास।
3. **हिंदी में पद होते हैं–**
   (क) चार (ख) पाँच
   (ग) सात (घ) आठ।
4. **पदबंध के भेद हैं–**
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) पाँच (घ) चार।
5. **पदबंध का भेद नहीं है–**
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
   (ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) समुच्चयबोधक पदबंध।
6. **पदबंध की विशेषता नहीं है–**
   (क) पदबंध में एक से अधिक पद होते हैं।
   (ख) प्रत्येक पदबंध में एक शीर्षपद होता है।
   (ग) पदबंध एक वाक्यांश होता है।
   (घ) शीर्षपद पदबंध के प्रारंभ में होता है।
7. **पदबंध में जो पद मुख्य होता है, उसे कहते हैं–**
   (क) प्रथमपद (ख) उच्चपद
   (ग) शीर्षपद (घ) गौणपद।
8. **'थका-हारा मज़दूर लेटते ही सो गया।' वाक्य में रेखांकित है–**
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
   (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध।
9. **'वह गिरता-पड़ता वहाँ पहुँच जाता।'–इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–** *(CBSE 2023)*
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
   (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।
10. **'दिन-रात करने वाला छात्र कक्षा में प्रथम आएगा।'–इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है–** *(CBSE 2023)*
    (क) दिन-रात एक करने वाला छात्र (ख) दिन-रात एक करने वाला
    (ग) कक्षा में प्रथम आएगा (घ) छात्र कक्षा में प्रथम आएगा।
11. **'मैं एक कनकौआ लूटने बेतहाशा दौड़ा जा रहा था।'–इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध है–** *(CBSE 2023)*
    (क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध
    (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।
12. **'सातवीं-आठवीं के कुछ विद्यार्थी हमें उनके बारे में बताया करते थे।' रेखांकित पदबंध है–** *(CBSE 2023)*
    (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
    (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।
13. **'बड़े-बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे ढकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।'–** *(CBSE 2023)*
    (क) बड़े-बड़े बिल्डर (ख) पीछे ढकेलकर
    (ग) उसकी ज़मीन को (घ) हथिया रहे थे।
    उपर्युक्त पदबंधों में से क्रियाविशेषण पदबंध का/के उदाहरण हैं/हैं–
    (क) केवल (ग) (ख) केवल (ख)
    (ग) (ख) और (घ) (घ) (क) और (ग)।
14. **'वह महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह उसकी आत्मा में उतर चुका है।'–इस वाक्य में क्रिया पदबंध है–** *(CBSE 2023)*
    (क) वह महिमामय व्यक्तित्व (ख) पूरी तरह उसकी
    (ग) उसकी आत्मा में (घ) उतर चुका है।
15. **'क्षितीश चटर्जी का फटा हुआ सिर देखकर आँख मिच जाती थी।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–** *(CBSE 2023)*
    (क) सर्वनाम पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
    (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।
16. **'अंग्रेज़ों की आँखों में धूल झोंकने वाला वह आजमगढ़ की तरफ भाग गया।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है–** *(CBSE 2023)*
    (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
    (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।
17. **'तोतों को उनकी दहकती-भूरी आँखों से भय न लगता था।'–इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है–** *(CBSE 2023)*
    (क) विशेषण पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध
    (ग) संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध।
18. **'मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बज़कर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है–** *(CBSE 2023)*
    (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
    (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।
19. **'सुलेमान केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे-बड़े पशु-पक्षी के भी हाकिम थे।'–रेखांकित पदबंध का भेद है–** *(CBSE SQP 2023-24)*
    (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
    (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध।
20. **'जीने मरने वाले मनुष्य तो हो सकते हैं पर सही अर्थों में नहीं।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध होगा–** *(CBSE SQP 2023-24)*
    (क) मनुष्य तो हो सकते हैं (ख) सही अर्थों में नहीं
    (ग) जीने-मरने वाले मनुष्य (घ) जीने-मरने वाले।
21. **क्रियाविशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए–** *(CBSE SQP 2023-24)*
    (क) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
    (ख) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
    (ग) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
    (घ) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।

22. 'अकसर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है– (CBSE SQP 2023-24)

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध।

23. 'खिड़की के बाहर अब असहाय दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।'–रेखांकित पदबंध का भेद है– (CBSE SQP 2023-24)

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।

24. संज्ञा पदबंध है–

(क) दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ी

(ख) सदैव सबका साथ देने वाले तुम

(ग) पत्थर से भी अधिक कठोर

(घ) सोच-समझकर चलने वाले आप।

25. 'रोते हुए बच्चे को चुप करो।' वाक्य में रेखांकित है–

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध।

26. 'फटे-पुराने वस्त्रों वाला कोई दरवाज़े पर खड़ा है।' वाक्य में रेखांकित है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध।

27. क्रियाविशेषण पदबंध है–

(क) वह अब तक सो चुका होगा।

(ख) किसान बहुत परिश्रमी होता है।

(ग) वह लँगड़ाता हुआ बहुत धीरे-धीरे चला।

(घ) यह गाड़ी अजमेर से आई है।

28. 'वह इधर-उधर देखता हुआ चल रहा था।' वाक्य में रेखांकित है–

(क) क्रिया पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध

(ग) समुच्चयबोधक पदबंध (घ) विशेषण पदबंध।

29. विशेषण पदबंध नहीं है–

(क) रंग-बिरंगे बहुत सुंदर (ख) ऊबड़-खाबड़ और पथरीली

(ग) चिलचिलाती हुई धूप (घ) काले घुँघराले बालों वाला।

30. 'बंगले के पीछे लगा पेड़ गिर गया।' वाक्य में रेखांकित है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध।

31. 'दो दिन पहले घर से लापता हुआ बालक मिल गया।' वाक्य में रेखांकित है–

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध।

32. 'धीरे-धीरे नाव पानी में डूबती चली गई।' वाक्य में रेखांकित है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।

33. 'बूढ़ा धीरे-धीरे लँगड़ाता हुआ चल रहा था।' वाक्य में रेखांकित है–

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध।

34. 'तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।' इस वाक्य में से संज्ञा पदबंध छाँटिए– (CBSE SQP 2021 Term-1)

(क) तलवार एक (ख) तताँरा की तलवार

(ग) रहस्य थी (घ) विलक्षण रहस्य।

35. 'कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे।'– रेखांकित पदबंध का प्रकार है– (CBSE SQP 2021 Term-1)

(क) सर्वनाम पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध।

36. 'बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है– (CBSE SQP 2021 Term-1)

(क) विशेषण पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध।

37. 'तताँरा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा।' रेखांकित पदबंध का भेद है– (CBSE SQP 2021 Term-1)

(क) क्रियाविशेषण पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध।

38. 'तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।' वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है– (CBSE SQP 2021 Term-1)

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।

39. 'कमरे में आते ही भाई साहब का वह रौद्र रूप देखकर प्राण सूख जाते।' – रेखांकित पदबंध है– (CBSE SQP 2021, Term-1)

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) विशेषण पदबंध

(ग) संज्ञा पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।

40. 'सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए।' – इस वाक्य में क्रिया पदबंध है– (CBSE 2021 Term-1)

(क) उनकी बातें सुनकर (ख) थोड़ी दूर पर

(ग) रुक गए (घ) बातें सुनकर थोड़ी दूर।

41. 'उसने तताँरा को तरह-तरह से अपमानित किया।'– इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का प्रकार है– (CBSE 2021 Term-1)

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध।

42. 'फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया।' –रेखांकित पदबंध का भेद है– (CBSE 2021 Term-1)

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध।

43. 'वह तलवार को अपनी तरफ खींचते-खींचते दूर तक पहुँच गया।' –रेखांकित पदबंध का भेद छाँटिए। (CBSE 2021 Term-1)

(क) क्रिया पदबंध

(ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध

(घ) सर्वनाम पदबंध।

उत्तर– 1. (ख) 2. (ग) 3. (घ) 4. (ग) 5. (घ) 6. (घ) 7. (ग) 8. (क) 9. (घ) 10. (ख) 11. (ख) 12. (क) 13. (ख) 14. (घ) 15. (ग) 16. (ख) 17. (ग) 18. (घ) 19. (क) 20. (घ) 21. (ख) 22. (घ) 23. (क) 24. (क) 25. (ख) 26. (ग) 27. (ग) 28. (ख) 29. (ग) 30. (ख) 31. (ख) 32. (ग) 33. (ग) 34. (ख) 35. (ग) 36. (ग) 37. (क) 38. (क) 39. (ग) 40. (ग) 41. (ख) 42. (क) 43. (ग)।

# रचना के आधार पर वाक्य-रूपांतरण

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. सार्थक शब्दों का व्यवस्थित समूह, जो भाव को पूर्णतः व्यक्त कर सके, कहलाता है–
   (क) पद (ख) पदबंध
   (ग) वाक्य (घ) पद-परिचय।
2. वाक्य के अंग होते हैं–
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) पाँच।
3. वाक्य के दो अंग हैं–
   (क) कर्ता और कर्म (ख) क्रिया और कर्म
   (ग) उद्देश्य और विधेय (घ) कर्ता और क्रिया।
4. वाक्य में जिसके विषय में बात की जाती है, उसे कहते हैं–
   (क) कर्म (ख) क्रिया
   (ग) पूरक (घ) उद्देश्य।
5. उद्देश्य के विषय में जो बात की जाती है, उसे कहते हैं–
   (क) पूरक (ख) विधेय
   (ग) कर्ता (घ) उद्देश्य।
6. वाक्य के तत्त्व हैं–
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) पाँच।
7. वाक्य का तत्त्व नहीं है–
   (क) पदक्रम (ख) उद्देश्य और विधेय
   (ग) अन्विति और आकांक्षा (घ) योग्यता और निकटता।
8. रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं–
   (क) तीन (ख) चार
   (ग) पाँच (घ) आठ।
9. रचना के आधार पर वाक्य का भेद नहीं है–
   (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
   (ग) दीर्घ वाक्य (घ) मिश्र वाक्य।
10. जिस वाक्य में एक ही मुख्य क्रिया होती है, उसे कहते हैं–
   (क) संयुक्त वाक्य (ख) सरल वाक्य
   (ग) मिश्र वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं।
11. जिस वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंत्र उपवाक्य समुच्चयबोधक से जुड़े होते हैं, उसे कहते हैं–
   (क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य
   (ग) संयुक्त वाक्य (घ) आश्रित वाक्य।
12. जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और अन्य आश्रित उपवाक्य होते हैं, वह कहलाता है–
   (क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
   (ग) लघु वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य।
13. आश्रित उपवाक्य के भेद होते हैं–
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) पाँच।
14. आश्रित उपवाक्य का भेद नहीं है–
   (क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य
   (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) सर्वनाम उपवाक्य।
15. दो या दो से अधिक वाक्यों को मिलाकर एक सार्थक वाक्य बनाना कहलाता है–
   (क) वाक्य-विश्लेषण (ख) वाक्य-संश्लेषण
   (ग) वाक्य-रूपांतरण (घ) वाक्य-विन्यास।
16. संयुक्त या मिश्र वाक्य को तोड़कर उनसे स्वतंत्र वाक्य बनाने की प्रक्रिया है–
   (क) वाक्य-विश्लेषण (ख) वाक्य-रचना
   (ग) वाक्य-संयोजन (घ) वाक्य-संश्लेषण।
17. वाक्य-रूपांतरण है–
   (क) दो वाक्यों को जोड़ना
   (ख) एक वाक्य को दो वाक्यों में तोड़ना
   (ग) एक वाक्य को दूसरे वाक्य-भेद में बदलना
   (घ) शब्दों से वाक्य का निर्माण करना।
18. 'मैं जानती हूँ कि <u>वह उसकी बहन है</u>।' – रेखांकित उपवाक्य है–
   (क) संज्ञा उपवाक्य (ख) विशेषण उपवाक्य
   (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) सर्वनाम उपवाक्य।
19. '<u>जैसा मैं चाहता हूँ</u>, वैसा ही होता है।' – रेखांकित उपवाक्य है–
   (क) विशेषण उपवाक्य (ख) संज्ञा उपवाक्य
   (ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य (घ) सर्वनाम उपवाक्य।
20. '<u>जो गरजते हैं</u>, वे बरसते नहीं।' वाक्य में रेखांकित है–
   (क) विशेषण उपवाक्य (ख) क्रियाविशेषण उपवाक्य
   (ग) प्रधान उपवाक्य (घ) संज्ञा उपवाक्य।
21. 'मैं बाज़ार गया और सामान खरीदा।' वाक्य का भेद है–
   (क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
   (ग) संयुक्त वाक्य (घ) आश्रित वाक्य।
22. 'जब असफल हो गए तो शोक करना व्यर्थ है।' वाक्य का भेद है–
   (क) मिश्र वाक्य (ख) प्रधान वाक्य
   (ग) सरल वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य।
23. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | मैंने घर जाकर खाना खाया। | (i) | संयुक्त वाक्य |
| 2 | मैं घर गया और मैंने खाना खाया। | (ii) | मिश्र वाक्य |
| 3 | जब मैं घर गया तब खाना खाया। | (iii) | सरल वाक्य |

   विकल्प
   (क) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii) (ख) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii)
   (ग) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i) (घ) 1 (iii) 2 (ii) 3 (i).
24. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | जहाँ खतरा है तुम वहाँ मत जाओ। | (i) | सरल वाक्य |
| 2 | कुत्ते रात में भौंकते हैं। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| 3 | बाजार जाओ और कुछ फल ले आओ। | (iii) | मिश्र वाक्य |

   विकल्प
   (क) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii) (ख) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii)
   (ग) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i) (घ) 1 (ii) 2 (i) 3 (iii).

**25. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | वह चल नहीं सकता; इसलिए आ नहीं सका। | (i) | सरल वाक्य |
| 2 | सूर्य उदय हो रहा है। | (ii) | मिश्र वाक्य |
| 3 | उसने कहा कि वह अवश्य आएगा। | (iii) | संयुक्त वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii) (ख) 1 (iii) 2 (ii) 3 (i)
(ग) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii) (घ) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i).

**26. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | बिल्ली आई और दूध पी गई। | (i) | सरल वाक्य |
| 2 | यह वही पुस्तक है, जो मैंने तुम्हें दी थी। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| 3 | परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii) (ख) 1 (ii) 2 (i) 3 (iii)
(ग) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i) (घ) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii).

**27. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | तालाब में कमल खिले हैं। | (i) | मिश्र वाक्य |
| 2 | जैसा करोगे, वैसा भरोगे। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| 3 | मैंने बहुत पूछा, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। | (iii) | सरल वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii) (ख) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii)
(ग) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i) (घ) 1 (i) 2 (iii) 3 (ii).

**28. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | यदि सफलता चाहते हो तो परिश्रम करो। | (i) | संयुक्त वाक्य |
| 2 | माँ ने खाना बनाया और सबको प्रेम से खिलाया। | (ii) | सरल वाक्य |
| 3 | व्यायाम करके शरीर को स्वस्थ बनाओ। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii) (ख) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i)
(ग) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii) (घ) 1 (iii) 2 (ii) 3 (i).

**29. 'जब अगले वर्ष भी उसे नवें दर्जे में ही बैठना पड़ा तो वह बिलकुल हताश हो गया।'–इस वाक्य का रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए–** ***(CBSE 2023)***

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य।

**30. 'हम सभी पंक्ति के पहले और आखिरी विद्यार्थी का ध्यान रखते हैं।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य होगा–** ***(CBSE 2023)***

(क) जब हम सब पंक्ति में होते तो पहले और आखिरी विद्यार्थी का ध्यान रखते।
(ख) हम सब कतार में होते और पहले और आखिरी विद्यार्थी का ध्यान रखते।
(ग) हम सभी पंक्ति में रहते हुए पहले और आखिरी विद्यार्थी का ध्यान रखते।
(घ) पहले और आखिरी विद्यार्थी का ध्यान रखते हुए हम सभी पंक्ति में रहते।

**31. निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य नहीं है–** ***(CBSE 2023)***

(क) उन्होंने डोर पकड़ ली और होस्टल की तरफ दौड़े।
(ख) हम और तुम इसके बारे में कुछ नहीं जानते।
(ग) बड़े-बड़े विद्वान भी उनकी मातहती में काम करते हैं।
(घ) लोग आठवीं पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।

**32. 'हरिहर काका के प्रति मेरी आसक्ति के अनेक व्यावहारिक और वैचारिक कारण हैं।'–रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए–** ***(CBSE 2023)***

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) सामान्य वाक्य।

**33. 'जब वह पहली बार इस शहर में आया था तो वह भी बिलकुल बच्चा था।'–रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए–** ***(CBSE 2023)***

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य।

**34. 'मैं प्रातःकाल नाश्ता करके पढ़ने बैठ जाता हूँ।'–इस वाक्य का मिश्र वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है–** ***(CBSE 2023)***

(क) प्रातःकाल नाश्ता करने के बाद मैं पढ़ने बैठ जाता हूँ।
(ख) मैं प्रातःकाल नाश्ता करता और पढ़ने बैठ जाता हूँ।
(ग) जब मैं प्रातःकाल नाश्ता कर लेता तब पढ़ने बैठ जाता हूँ।
(घ) मैं प्रातःकाल नाश्ता करने के बाद ही पढ़ने बैठ जाता हूँ।

**35. 'शुद्ध सोना अलग है और गिन्नी का सोना अलग।' रचना की दृष्टि से यह वाक्य है–** ***(CBSE 2023)***

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य।

**36. 'जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने उसको पकड़ लिया।'– वाक्य का संयुक्त वाक्य बनेगा–** ***(CBSE 2023)***

(क) अविनाश बाबू के झंडा गाड़ते ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।
(ख) जैसे ही अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।
(ग) अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा और पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।
(घ) क्योंकि अविनाश ने झंडा गाड़ा इसलिए पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

**37. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है–** ***(CBSE 2023)***

(क) बड़े बाज़ार के मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था।
(ख) सुभाष बाबू के जुलूस का भार पूर्णोदास पर था, वह प्रबंध कर चुका था।
(ग) पुलिस कमिश्नर का नोटिस निकल चुका था।
(घ) कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है।

**38. निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए–** ***(CBSE SQP 2023-24)***

(क) जो कहोगे उसका परिणाम तो भुगतना ही पड़ेगा।
(ख) नूह ने जब उनकी बात सुनी तो दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।
(ग) दूसरे गाँव के युवक के साथ संबंध परंपरा के विरुद्ध था।
(घ) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता।

**39. 'जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है, तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है–** *(CBSE SQP 2023-24)*

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य (घ) सामान्य वाक्य।

**40. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–** *(CBSE SQP 2023-24)*

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | भाई साहब और मैं कनकौआ लूटने के लिए दौड़ रहे थे। | (i) | संयुक्त वाक्य |
| 2 | क्योंकि मुझे और भाईसाहब को कनकौआ लूटना था इसलिए हम दौड़ रहे थे। | (ii) | सरल वाक्य |
| 3 | मुझे कनकौआ लूटना था और भाई साहब मेरे साथ दौड़ रहे थे। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(क) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii) (ख) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i)

(ग) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii) (घ) 1 (ii) 2 (i) 3 (iii).

**41. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्रित वाक्य है–** *(CBSE SQP 2023-24)*

(क) जैसे ही वे घर से बाहर निकले, वैसे ही जोर से धमाका हुआ।

(ख) वे लोग घर से बाहर निकले और ज़ोर से धमाका हुआ।

(ग) धमाका होते ही घर से बाहर निकले।

(घ) उनके घर से निकलते ही ज़ोर से धमाका हुआ।

**42. 'शैलेंद्र का दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उनपर नहीं थोपना चाहिए।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा–** *(CBSE SQP 2023-24)*

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य।

**43. 'वह रोज़ व्यायाम करता है, इसलिए स्वस्थ रहता है।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2017)*

(क) रोज़ व्यायाम करने से वह स्वस्थ रहता है।

(ख) क्योंकि वह व्यायाम करता है, इसलिए स्वस्थ रहता है।

(ग) रोज़ व्यायाम करो और स्वस्थ रहो।

(घ) यदि रोज़ व्यायाम करोगे तो स्वस्थ रहोगे।

**44. 'आज्ञाकारी श्याम माता-पिता की सेवा करता है।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2017)*

(क) क्योंकि श्याम आज्ञाकारी है, इसलिए माता-पिता की सेवा करता है।

(ख) आज्ञाकारी होने के कारण श्याम माता-पिता की सेवा करता है।

(ग) श्याम आज्ञाकारी है, इसलिए माता-पिता की सेवा करता है।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**45. 'जापान में चाय पीने की एक विधि है, जिसे चा-नो-यू कहते हैं।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2018)*

(क) जापान में चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहते हैं।

(ख) जापान में चाय पीने की विधि है और उसे चा-नो-यू कहते हैं।

(ग) जापान में जो चाय पीने की विधि है, इसे चा-नो-यू कहते हैं।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**46. 'तताँरा को देखकर वामीरो फूट-फूटकर रोने लगी।' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2018)*

(क) तताँरा को देखा और वामीरो फूट-फूटकर रोने लगी।

(ख) जैसे ही ततँारा को देखा, वामीरो फूट-फूटकर रोने लगी।

(ग) वामीरो ने ततँारा को देखा, इसलिए फूट-फूटकर रोने लगी।

(घ) ततँारा को देखते ही वामीरो ने फूट-फूटकर रोना आरंभ कर दिया।

**47. 'वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2019)*

(क) क्योंकि वे हरदम किताबें खोले रहते थे, इसलिए अध्ययन करते रहते थे।

(ख) यदि वे हरदम किताबें खोले रहेंगे तो अध्ययन करते रहेंगे।

(ग) अध्ययन के लिए वे हमेशा किताबें खोले रहते थे।

(घ) वे हरदम किताबें खोले रहते थे और अध्ययन करते रहते थे।

**48. 'मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2019)*

(क) मैं सफल होकर कक्षा में प्रथम स्थान पर आया।

(ख) मैं सफल हुआ, इसलिए कक्षा में प्रथम आया।

(ग) यदि मैं सफल होता तो कक्षा में प्रथम स्थान पर आता।

(घ) क्योंकि मैं सफल हुआ, इसलिए प्रथम स्थान पर आया।

**49. 'जो एक नौकर रख लिया है, वही बनाता-खिलाता है।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2020)*

(क) बनाने-खिलाने के लिए एक नौकर रख लिया है।

(ख) एक नौकर रख लिया है और वही बनाता-खिलाता है।

(ग) क्योंकि एक नौकर रख लिया है, वही बनाता-खिलाता है।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**50. 'मेरे बीमार होने पर तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे।' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–** *(CBSE 2020)*

(क) मैं बीमार हो जाऊँगा और तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे।

(ख) मेरे बीमार होते ही तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे।

(ग) यदि मैं बीमार हो जाऊँ तो तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे।

(घ) मैं बीमार हो जाऊँगा, इसलिए तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे।

**51. 'बड़े भाई साहब ने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया था।' रचना की दृष्टि से वाक्य है–**

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य।

**52. 'वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ी।' इस संयुक्त वाक्य को परिवर्तित करने पर सरल वाक्य होगा–**

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) जैसे ही वामीरो सचेत हुई वैसे ही वह घर की तरफ़ दौड़ी।

(ख) वामीरो कुछ सचेत हुई और वह घर की तरफ़ दौड़ी।

(ग) वामीरो कुछ सचेत होने पर घर की तरफ़ दौड़ी।

(घ) सचेत वामीरो हुई तथा घर की तरफ़ दौड़ी।

**53. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है–** *(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) मेरे और भाई साहब के बीच अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया।

(ख) आखिर आदमी को कुछ तो अपनी पोज़ीशन का खयाल रखना चाहिए।

(ग) जब से माताजी ने प्रबंध अपने हाथ में ले लिया है, तब से घर में लक्ष्मी आ गई है।

(घ) मेरे रहते तुम बेराह न चलने पाओगे।

**54. 'सूर्य निकला और प्रकाश हो गया।' रूपांतरित करने पर वाक्य का सरल रूप होगा–** *(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) जैसे ही सूर्य निकला वैसे ही प्रकाश हो गया।

(ख) सूर्य निकलते ही प्रकाश हो गया।

(ग) जब सूर्य निकलता है, तब प्रकाश होता है।

(घ) सूर्य निकला अतएव प्रकाश हो गया।

55. 'एक ज़माना था कि लोग आठवाँ दरजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।' रचना की दृष्टि से वाक्य है–*(CBSE SQP 2021 Term-1)*
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य।

56. निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो।
(ख) भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे।
(ग) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता।
(घ) वे तो वही देखते हैं जो पुस्तक में लिखा है।

57. 'खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।'– रचना की दृष्टि से वाक्य है– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) संकेतवाचक वाक्य।

58. 'नूह ने उसकी बात सुनी और दुःखी हो मुद्दत तक रोते रहे।' – इस वाक्य का सरल वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) जब नूह ने उसकी बात सुनी तब वे दुःखी हो गए और मुद्दत तक रोते रहे।
(ख) नूह उसकी बात सुनकर दुःखी हो मुद्दत तक रोते रहे।
(ग) नूह ने दुःखी होकर उसकी बात सुनी और मुद्दत तक होते रहे।
(घ) चूँकि नहू ने उसकी बात सुनी इसलिए वे दुःखी हो मुद्दत तक रोते रहे।

59. निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है– *(CBSE 2021, Term-1)*
(क) संसार में रचना कैसे भी हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है।
(ख) सहसा नारियल के झुरमुटों में उसे एक आकृति कुछ साफ हुई।
(ग) बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता था।
(घ) मेरे जीवन में यह पहली बार है मैं इस तरह से विचलित हुआ हूँ।

60. 'सालाना इम्तिहान में मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया।' रूपांतरित करने पर इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा– *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) सालाना इम्तिहान में मैं पास होकर दरजे में प्रथम आया।
(ख) सालाना इम्तिहान हुआ, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया।
(ग) मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया क्योंकि सालाना इम्तिहान हुआ।
(घ) जब सलाना इम्तिहान हुआ तो मैं उसमें पास हो गया और दरजे में प्रथम आया।

उत्तर– **1.** (ग) **2.** (क) **3.** (ग) **4.** (घ) **5.** (ख) **6.** (घ) **7.** (ख) **8.** (क) **9.** (ग) **10.** (ख) **11.** (ग) **12.** (ख) **13.** (ख) **14.** (घ) **15.** (ख) **16.** (क) **17.** (ग) **18.** (क) **19.** (ग) **20.** (क) **21.** (ग) **22.** (क) **23.** (ख) **24.** (ख) **25.** (क) **26.** (ग) **27.** (क) **28.** (ग) **29.** (ग) **30.** (क) **31.** (क) **32.** (ख) **33.** (ग) **34.** (ग) **35.** (ख) **36.** (ग) **37.** (घ) **38.** (ग) **39.** (ग) **40.** (ख) **41.** (क) **42.** (ग) **43.** (क) **44.** (ग) **45.** (क) **46.** (ख) **47.** (घ) **48.** (क) **49.** (ख) **50.** (ग) **51.** (ग) **52.** (ग) **53.** (ग) **54.** (ख) **55.** (ग) **56.** (ख) **57.** (क) **58.** (ख) **59.** (क) **60.** (घ)।

## समास

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. दो या दो से अधिक पदों को संक्षिप्त कर नया शब्द बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं–
(क) संधि (ख) समास
(ग) पदबंध (घ) पद-परिचय।

2. समास करने के पश्चात् जो नया शब्द बनता है, उसे कहते हैं–
(क) समस्तपद (ख) समास-विग्रह
(ग) उत्तरपद (घ) पूर्वपद।

3. समस्तपद के पदों को अलग करने की प्रक्रिया को कहते हैं–
(क) पदच्छेद (ख) समास-विग्रह
(ग) संश्लेषण (घ) विश्लेषण।

4. समास के भेद हैं–
(क) दो (ख) तीन
(ग) पाँच (घ) छह।

5. कर्मधारय और द्विगु समास किसके उपभेद हैं–
(क) तत्पुरुष समास के (ख) अव्ययीभाव समास के
(ग) द्वंद्व समास के (घ) बहुव्रीहि समास के।

6. जिस समास में पूर्वपद प्रधान होता है और अव्यय होता है, उसे कहते हैं–
(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) द्विगु समास।

7. तत्पुरुष समास में प्रधान होता है–
(क) पूर्वपद (ख) उत्तरपद
(ग) अन्यपद (घ) पूर्वपद और उत्तरपद।

8. कर्मधारय समास की पहचान है–
(क) उत्तरपद प्रधान होता है।
(ख) पदों में विशेषण-विशेष्य संबंध होता है।
(ग) पदों में उपमेय-उपमान संबंध होता है।
(घ) उपर्युक्त सभी।

9. पूर्वपद संख्यावाची होता है–
(क) तत्पुरुष समास में (ख) कर्मधारय में
(ग) द्विगु समास में (घ) द्वंद्व समास में।

10. जिस समास में अन्यपद प्रधान होता है, उसे कहते हैं–
(क) द्वंद्व समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास।

11. द्वंद्व समास की पहचान है–
(क) दोनों पद प्रधान होते हैं। (ख) उत्तरपद प्रधान होता है।
(ग) पूर्वपद प्रधान होता है। (घ) अन्यपद प्रधान होता है।

12. विभक्तियों का लोप होता है–
(क) कर्मधारय समास में (ख) तत्पुरुष समास में
(ग) द्वंद्व समास में (घ) बहुव्रीहि समास में।

13. विभक्ति-लोप के आधार पर तत्पुरुष के भेद होते हैं–
(क) चार (ख) पाँच
(ग) छह (घ) सात।

14. कौन-सा समास समाहार का बोध कराता है–
(क) द्वंद्व समास (ख) कर्मधारय समास
(ग) द्विगु समास (घ) अव्ययीभाव समास।

15. किस समास के दोनों पदों के मध्य 'और' का लोप होता है–
(क) द्वंद्व समास में (ख) द्विगु समास में
(ग) तत्पुरुष समास में (घ) कर्मधारय समास में।

16. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | पाठशाला | i | तत्पुरुष समास |
| ii | विद्यारत्न | ii | बहुव्रीहि समास |
| iii | माता-पिता | iii | द्वंद्व समास |
| iv | ध्यानमग्न | iv | कर्मधारय समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) i और ii (ख) ii और iii
(ग) i और iii (घ) i और iv.

17. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | नरोत्तम | i | कर्मधारय समास |
| ii | दाल-भात | ii | द्वंद्व समास |
| iii | महापुरुष | iii | कर्मधारय समास |
| iv | नवरत्न | iv | बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) i और iii (ख) ii और iii
(ग) iii और iv (घ) ii और iv.

18. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | मतदान | i | तत्पुरुष समास |
| ii | नीलगाय | ii | अव्ययीभाव समास |
| iii | तिराहा | iii | कर्मधारय समास |
| iv | दशानन | iv | बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) i और iv (ख) i और ii
(ग) ii और iii (घ) i और iii.

19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | बुद्धिहीन | i | द्वंद्व समास |
| ii | यथाशक्ति | ii | अव्ययीभाव समास |
| iii | चरणकमल | iii | कर्मधारय समास |
| iv | तिरंगा | iv | तत्पुरुष समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) i और ii (ख) ii और iii
(ग) iii और iv (घ) i और iv.

20. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | भरपूर | i | अव्ययीभाव समास |
| ii | शरणागत | ii | कर्मधारय समास |
| iii | लंबोदर | iii | बहुव्रीहि समास |
| iv | महादेव | iv | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) i और iii (ख) ii और iv
(ग) iii और iv (घ) ii और iii.

21. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | दुरात्मा | i | कर्मधारय समास |
| ii | आपबीती | ii | द्विगु समास |
| iii | चक्रधर | iii | बहुव्रीहि समास |
| iv | तन-मन | iv | अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–
(क) i और ii (ख) ii और iii
(ग) i और iii (घ) ii और iv.

22. किस समास में उत्तर-पद प्रधान होता है– *(CBSE 2023)*
(क) द्वंद्व समास (ख) बहुव्रीहि समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) अव्ययीभाव समास।

23. 'देहावसान' का उपयुक्त समास-विग्रह है– *(CBSE 2023)*
(क) देह और अवसान (ख) देह रूपी अवसान
(ग) देह का अवसान (घ) देह के लिए अवसान।

24. बहुव्रीहि समास का सही उदाहरण है– *(CBSE 2023)*
(क) आकाशवाणी (ख) चक्रपाणि
(ग) रचनाकार (घ) शांतिप्रिय।

25. 'लोकप्रिय' समस्तपद का सही समास-विग्रह है– *(CBSE 2023)*
(क) लोक में प्रिय (ख) लोक का प्रिय
(ग) लोक के लिए प्रिय (घ) लोक की प्रिय।

26. 'गृहप्रवेश' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है– *(CBSE 2023)*
(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) बहुव्रीहि समास।

27. किस समास में पूर्वपद प्रधान होता है– *(CBSE 2023)*
(क) द्विगु समास (ख) द्वंद्व समास
(ग) अव्ययीभाव समास (घ) कर्मधारय समास।

28. 'भाग्यहीन' शब्द किस समास का उदाहरण है– *(CBSE 2023)*
(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) बहुव्रीहि समास (घ) तत्पुरुष समास।

29. 'रचनाकार' शब्द किस समास का उदाहरण है– *(CBSE 2023)*
(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) द्वंद्व समास (घ) बहुव्रीहि समास।

30. 'पर्व-त्योहार' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है– (CBSE 2023)

(क) अव्ययीभाव समास (ख) द्विगु समास

(ग) द्वंद्व समास (घ) तत्पुरुष समास।

31. 'विद्याधन' इस समस्तपद का सही समास-विग्रह और समास के नाम का चयन कर लिखिए– (CBSE 2023)

(क) विद्या रूपी धन – कर्मधारय

(ख) धन रूपी विद्या – कर्मधारय

(ग) विद्या के समान धन – बहुव्रीहि

(घ) धन के समान विद्या – बहुव्रीहि।

32. 'मार्गव्यय' शब्द/समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है– (CBSE SQP 2023-24)

(क) द्विगु समास (ख) कर्मधारय समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) अव्ययीभाव समास।

33. 'महाजन'–समस्त पद का विग्रह होगा– (CBSE SQP 2023-24)

(क) महान है जो जन (ख) महा है जो जन

(ग) महान का जन (घ) जन की महानता।

34. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए– (CBSE SQP 2023-24)

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | पराधीन | i | तत्पुरुष समास |
| ii | महात्मा | ii | अव्ययीभाव समास |
| iii | नीलकंठ | iii | बहुव्रीहि समास |
| iv | सज्जन | iv | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–

(क) i और ii (ख) i और iii

(ग) ii और iv (घ) iii और iv.

35. 'यथाशक्ति' शब्द के लिए सही समास-विग्रह और समास का चयन कीजिए– (CBSE SQP 2023-24)

(क) यथा और शक्ति – द्वंद्व समास

(ख) यथा की शक्ति – तत्पुरुष समास

(ग) शक्ति के अनुसार – अव्ययीभाव समास

(घ) यथार्थ शक्ति का धनी अर्थात व्यक्ति विशेष – बहुव्रीहि समास।

36. 'तिरंगा' का समास-विग्रह एवं भेद होगा– (CBSE SQP 2023-24)

(क) तीन में रंगा – तत्पुरुष समास

(ख) तीन रंग – द्विगु समास

(ग) तीन रंगों के समान – कर्मधारय

(घ) तीन रंगों वाला अर्थात् भारत का राष्ट्र ध्वज – बहुव्रीहि समास।

37. 'अन्नजल' में समास है– (CBSE 2017)

(क) द्वंद्व समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास।

38. 'घुड़साल' का समास-विग्रह है– (CBSE 2017)

(क) घोड़े की साल (ख) घोड़ों के लिए शाला

(ग) घोड़ों को शाला (घ) घोड़ों से शाला।

39. 'चंद्रमा के समान है जो मुख' में समास है– (CBSE 2017)

(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्वंद्व समास (घ) बहुव्रीहि समास।

40. 'गगन में विचरने वाला' का समस्तपद होगा– (CBSE 2017)

(क) गगनवासी (ख) गगनचर

(ग) गगनजीव (घ) गगनधारी।

41. 'यथासमय' में समास है– (CBSE 2018)

(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास

(ग) द्वंद्व समास (घ) कर्मधारय समास।

42. 'नीलकमल' का समास-विग्रह है– (CBSE 2018)

(क) नीला है जो कमल (ख) नीला और कमल

(ग) नीले कमल वाला (घ) नीले कमल पर।

43. 'जन का आंदोलन' का समस्तपद है– (CBSE 2018)

(क) जनक्रांति (ख) जनार्दन

(ग) जनांदोलन (घ) जनसमूह।

44. 'भीमार्जुन' में समास है– (CBSE 2019)

(क) द्वंद्व समास (ख) द्विगु समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) बहुव्रीहि समास।

45. 'यथार्थ' का समास-विग्रह है– (CBSE 2019)

(क) अर्थ के विपरीत (ख) अर्थ के अनुसार

(ग) अर्थ से अधिक (घ) सार्थक शब्द।

46. 'चंद्र है शिखर पर जिसके अर्थात् शिव' का समस्तपद है– (CBSE 2019)

(क) शिखरचंद्र (ख) चंद्रधर

(ग) चंद्रशेखर (घ) चंद्रपाल।

47. 'विद्यारूपी धन' में समास है– (CBSE 2019)

(क) कर्मधारय (ख) तत्पुरुष

(ग) द्विगु (घ) बहुव्रीहि।

48. 'यथासंभव' में समास है– (CBSE 2020)

(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्विगु समास (घ) अव्ययीभाव समास।

49. 'राहखर्च' का समास-विग्रह है– (CBSE 2020)

(क) राह में खर्च (ख) राह से खर्च

(ग) राह का खर्च (घ) राह के लिए खर्च।

50. 'कमल के समान नयन' में समास है– (CBSE 2020)

(क) कर्मधारय समास (ख) बहुव्रीहि समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) अव्ययीभाव समास।

51. 'फूल और पत्ते' का समस्तपद है– (CBSE 2020)

(क) पुष्पयुक्त (ख) सपत्र

(ग) फूल-पत्र (घ) पल्लवित।

52. 'आपबीती' (आप पर बीती) में समास है–

(क) तत्पुरुष (ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु (घ) द्वंद्व।

53. 'नरोत्तम' (नरो में उत्तम) में समास है–

(क) कर्मधारय (ख) बहुव्रीहि

(ग) अव्ययीभाव (घ) तत्पुरुष।

54. 'लोकप्रिय' (लोक में प्रिय) में समास है–

(क) तत्पुरुष समास (ख) कर्मधारय समास

(ग) अव्ययीभाव समास (घ) द्वंद्व समास।

55. 'महाराजा' (महान है जो राजा) में समास है–

(क) बहुव्रीहि समास

(ख) द्वंद्व समास

(ग) कर्मधारय समास

(घ) अव्ययीभाव समास।

56. 'चंद्रकला' (चंद्रमा की कला) में समास है–

(क) तत्पुरुष समास (ख) कर्मधारय समास

(ग) बहुव्रीहि समास (घ) द्वंद्व समास।

57. 'सेवा और शुश्रूषा' (सेवा-शुश्रूषा) में समास है–

(क) द्वंद्व समास (ख) द्विगु समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास।

58. 'पानी की चक्की' (पनचक्की) में समास है–

(क) कर्मधारय समास (ख) बहुव्रीहि समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) द्विगु समास।

59. 'नत है जो मस्तक' (नतमस्तक) में समास है–

(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) बहुव्रीहि समास (घ) द्वंद्व समास।

60. रात-ही-रात में (रातोंरात) में समास है–

(क) कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) अव्ययीभाव समास (घ) द्विगु समास।

61. 'गुरुदक्षिणा' शब्द के सही समास-विग्रह का चयन कीजिए–

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) गुरु से दक्षिणा – तत्पुरुष समास

(ख) गुरु का दक्षिणा – तत्पुरुष समास

(ग) गुरु की दक्षिणा – तत्पुरुष समास

(घ) गुरु के लिए दक्षिणा – तत्पुरुष समास।

62. 'यथासमय' शब्द किस समास का उदाहरण है–

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) कर्मधारय समास

(ख) बहुव्रीहि समास

(ग) अव्ययीभाव समास

(घ) तत्पुरुष समास।

63. 'अष्टाध्यायी' शब्द के लिए सही समास-विग्रह का चयन कीजिए–

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) आठ अध्यायों का समाहार – द्विगु समास

(ख) आठ हैं जो अध्याय – बहुव्रीहि समास

(ग) अष्ट और अध्याय – द्वंद्व समास

(घ) अष्ट के अध्याय – तत्पुरुष समास।

64. 'आशा को लाँघ कर गया हुआ' का समस्तपद है–

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) आशालाँघ (ख) आशातीत

(ग) आशावान (घ) आशागत।

65. 'सज्जन' समस्तपद का विग्रह होगा–

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) सद् है जो जन (ख) सत् है जो जन

(ग) अच्छा है जो पुरुष (घ) सत् के समान जन।

66. 'बाकायदा' शब्द के लिए सही समास विग्रह का चयन कीजिए–

*(CBSE SQP 2021 Term-1)*

(क) कायदे के अनुसार – अव्ययीभाव समास

(ख) कायदे के बिना – अव्ययीभाव समास

(ग) कायदे ही कायदे – अव्ययीभाव समास

(घ) कायदे के द्वारा कृत – तत्पुरुष समास।

67. 'नरहरि' शब्द किस समास का उदाहरण है– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) अव्ययीभाव समास (ख) द्विगु समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास।

68. तत्पुरुष समास का उदाहरण है– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) थोड़ा-बहुत (ख) आगे-पीछे

(ग) परिंदे-चरिंदे (घ) शब्द-रचना।

69. अव्ययीभाव समास का उदाहरण नहीं है– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) बेवक्त (ख) बेहतर

(ग) बेकार (घ) बेराह।

70. 'आँचरहित' शब्द के लिए समास-विग्रह है– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) आँच से रहित (ख) आँच और रहित

(ग) आँच में रहित (घ) रहित आँच के।

71. उत्तरपद प्रधान होता है– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) बहुव्रीहि समास का (ख) अव्ययीभाव समास का

(ग) द्वंद्व समास का (घ) तत्पुरुष समास का।

72. 'शब्दहीन' शब्द के लिए सही समास-विग्रह और भेद का चयन कीजिए– *(CBSE 2021 Term-1)*

(क) शब्द है जो हीन – कर्मधारय

(ख) हीन है जो शब्द – तत्पुरुष

(ग) शब्द से हीन – कर्मधारय

(घ) शब्द से हीन – तत्पुरुष।

**उत्तर–**1. (ख) 2. (क) 3. (ख) 4. (घ) 5. (क) 6. (ख) 7. (ख) 8. (घ) 9. (ग) 10. (ख) 11. (क) 12. (ख) 13. (ग) 14. (ग) 15. (क) 16. (ग) 17. (ख) 18. (क) 19. (ख) 20. (क) 21. (ग) 22. (ग) 23. (ग) 24. (ख) 25. (क) 26. (क) 27. (ग) 28. (घ) 29. (क) 30. (ग) 31. (क) 32. (ग) 33. (क) 34. (ख) 35. (ग) 36. (घ) 37. (क) 38. (ख) 39. (क) 40. (ख) 41. (ख) 42. (क) 43. (ग) 44. (क) 45. (ख) 46. (ग) 47. (क) 48. (घ) 49. (घ) 50. (क) 51. (ग) 52. (क) 53. (घ) 54. (क) 55. (ग) 56. (क) 57. (क) 58. (ग) 59. (क) 60. (ग) 61. (घ) 62. (ग) 63. (क) 64. (ख) 65. (ख) 66. (क) 67. (घ) 68. (घ) 69. (ख) 70. (क) 71. (घ) 72. (घ)।

# मुहावरे

निर्देश–*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

1. **ऐसा वाक्यांश, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशिष्ट अर्थ को प्रकट करता है, कहलाता है–**
   (क) समास (ख) मुहावरा
   (ग) लोकोक्ति (घ) पदबंध।
2. **मुहावरे की विशेषता नहीं है–**
   (क) मुहावरा वाक्यांश होता है।
   (ख) मुहावरों में क्रियापद का होना आवश्यक है।
   (ग) मुहावरे का लक्ष्यार्थ ही ग्रहण किया जाता है।
   (घ) मुहावरे का स्वतंत्र प्रयोग किया जाता है।
3. **लोक में प्रचलित उक्ति कहलाती है–**
   (क) सूक्ति (ख) लोकोक्ति
   (ग) लोकवाणी (घ) लोककथा।
4. **'अँगूठा दिखाना' का अर्थ है–**
   (क) उपहास करना (ख) जीत प्रदर्शित करना
   (ग) इनकार करना (घ) पास बुलाना।
5. **'अपने पैरों पर खड़े होना' का अर्थ है–**
   (क) मजबूत होना (ख) बड़े हो जाना
   (ग) स्वावलंबी होना (घ) लड़ने के लिए तैयार होना।
6. **'दाँत खट्टे करना' का अर्थ है–**
   (क) नींबू खाना (ख) दाँतों पर खटाई लगाना
   (ग) दाँत साफ़ करना (घ) हरा देना।
7. **'हाथ मलना' का अर्थ है–**
   (क) दोनों हाथों को रगड़ना (ख) हाथ धोना
   (ग) विवशता प्रकट करना (घ) हाथों को गरम करना।
8. **'कान भरना' का अर्थ है–**
   (क) कानों में पानी डालना (ख) चुगली करना
   (ग) कान में दर्द होना (घ) सुनाई न देना।
9. **'छोटे भाई की लापरवाही देखकर बड़े भाई साहब ने उसे ..........।'– नीचे दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–** ***(CBSE 2023)***
   (क) हाथों हाथ लेना (ख) सीधे हाथ लेना
   (ग) सिर-माथे लेना (घ) आड़े हाथों लेना।
10. **'दबदबा होना' अर्थ के लिए निम्नलिखित मुहावरों में से उपयुक्त मुहावरा है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) हेकड़ी जताना (ख) खाल खींचना
    (ग) चमड़ी उधेड़ना (घ) तूती बोलना।
11. **'मेरे दरजे में आओगे तो .......... जाएगा।'–रिक्त स्थान की पूर्ति नीचे दिए गए उपयुक्त मुहावरे से कीजिए–** ***(CBSE 2023)***
    (क) किस्सा ख़त्म होना (ख) काम तमाम होना
    (ग) गाँठ बाँध लेना (घ) दाँतों पसीना आना।
12. **'मास्टर प्रीतम चंद छोटी-छोटी बातों में छात्रों की .......... तैयार रहते थे।'–रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए–** ***(CBSE 2023)***
    (क) चमड़ी उधेड़ना (ख) नज़र रखना
    (ग) हाथों में लेना (घ) नामोनिशान मिटाना।
13. **'अपमानित करना'–अर्थ के लिए सही मुहावरा है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) पानी उतरना (ख) नीचा दिखाना
    (ग) घुटने टेकना (घ) टोपी उछलना।
14. **'एकमात्र सहारा'–अर्थ के लिए सही मुहावरा है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) अंधे की लाठी (ख) आँख का तारा
    (ग) अँधेरे घर का उजाला (घ) गुदड़ी का लाल।
15. **'बहुत खुश होना'–अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) हाथ-पाँव फूल जाना (ख) फूलकर कुप्पा हो जाना
    (ग) सातवें आसमान पर होना (घ) फूटी आँख न सुहाना।
16. **'बड़े भाई साहब ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते कि मेरी .......... जाती।' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** ***(CBSE 2023)***
    (क) तूती बोलना (ख) खून खौलना
    (ग) हिम्मत टूटना (घ) दिल पसीजना।
17. **'आटे-दाल का भाव मालूम होना' मुहावरे का अर्थ है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) किसी को सबक सिखाना
    (ख) कठिनाइयों का ज्ञान होना
    (ग) चीज़ों के भाव पता चलना
    (घ) खरीदारी के गुरों का ज्ञान होना।
18. **'कक्षा में प्रथम स्थान पाने के लिए उसने .......... दिया।' रिक्त स्थान की पूर्ति निम्नलिखित में से उपयुक्त मुहावरे से कीजिए–** ***(CBSE 2023)***
    (क) नाकों चने चबाना (ख) अपना रंग दिखाना
    (ग) ओखली में सिर देना (घ) रात-दिन एक करना।
19. **'चक्कर खाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) बेहोश होना (ख) गोल घूमना
    (ग) भ्रमित होना (घ) भ्रमण करना।
20. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–** ***(CBSE 2023)***
    (i) सजग रहना – जागरूक होना
    (ii) रंग दिखाना – प्रभाव दिखाना
    (iii) दिमाग होना – बुद्धिमान होना
    (iv) खून जलाना – तिरस्कार करना
    उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं–
    (क) (i) और (ii) (ख) (iii) और (iv)
    (ग) (i) और (iii) (घ) (ii) और (iv).
21. **'दबे पाँव आना' मुहावरे का अर्थ है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) पैर दबाकर आना (ख) चोरी-चोरी आना
    (ग) पैर दबाते हुए आना (घ) नंगे पैर आना।
22. **'तराजू पर तोलना' मुहावरे का अर्थ है–** ***(CBSE 2023)***
    (क) नाप तोल का पता लगाना
    (ख) उचित-अनुचित का निर्णय करना
    (ग) वस्तु का वजन पता करना
    (घ) वस्तु की गुणवत्ता का पता करना।
23. **मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–** ***(CBSE SQP 2023-24)***
    (क) तूती बोलना – मुसीबत में फँसना
    (ख) दूध की मक्खी – अनुपयोगी
    (ग) लोहा मानना – कठिन काम करना
    (घ) टूट पड़ना – काम शुरू करना।

24. 'गहरी नींद से जाग जाना/होश आना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है– *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) सुध-बुध खोना (ख) अलख जगाना
(ग) दिमाग होना (घ) तंद्रा भंग होना।

25. 'आड़े हाथों लेना' मुहावरे का अर्थ है– *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) घमंड करना (ख) विरोध करना
(ग) खिंचाई करना (घ) बेराह चलना।

26. रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा– *(CBSE SQP 2023-24)*
'तू मित्र या शत्रु? जहाँ भी जाता हूँ, वहीं मेरे सामने बाधा उत्पन्न कर देता है।' *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) मज़ा चखवाना (ख) दीवार खड़ी करना
(ग) हावी होना (घ) राह न सूझना।

27. सेठ दीनदयाल अपने क्षेत्र के जाने-माने व्यापारी हैं। .......... के द्वारा ही उनकी गिनती चुने हुए धनवानों में होती है। *(CBSE SQP 2023-24)*
रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(क) सातवें आसमान पर होने (ख) नतमस्तक होने
(ग) हवा में उड़ने (घ) दो से चार बनाने के गणित।

28. 'परेशानी देखकर घबरा जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है– *(CBSE SQP 2023-24)*
(क) हाथ-पाँव फूल जाना (ख) प्राण ले लेना
(ग) सिर फिरना (घ) ठंडा पड़ना।

29. सफलता पाने के लिए बहुत .......... पड़ते हैं।
(क) ढेर हो जाना (ख) पापड़ बेलना
(ग) कलेजे पर पत्थर रखना (घ) अँगूठा दिखाना।

30. हर व्यक्ति पर आज मोबाइल की .......... है।
(क) तूती बोलना (ख) आँख लगना
(ग) धुन सवार होना (घ) अँगूठा दिखाना।

31. माँ अपने बच्चे को मुसीबत में देखकर .......... देती है।
(क) रात-दिन एक करना (ख) आसमान सिर पर उठाना
(ग) कलेजा निकाल कर रख देना (घ) प्राणों की बाज़ी लगाना।

32. सच्चे शूरवीर देश की रक्षा के लिए .......... देते हैं। *(CBSE 2015)*
(क) प्राणों की बाज़ी लगाना (ख) आग बबूला होना
(ग) सुध-बुध खोना (घ) ईंट से ईंट बजा देना।

33. वह मेरा धन नहीं दे रहा, लगता है ..........। *(CBSE 2015)*
(क) दाल में कुछ काला होना
(ख) सीधी उँगली से घी न निकलना
(ग) गिरगिट की तरह रंग बदलना
(घ) आड़े हाथों लेना।

34. उसके विरुद्ध तुम मेरे .......... हो। *(CBSE 2016)*
(क) ईंट से ईंट बजाना (ख) धुन सवार होना
(ग) कान भरना (घ) आँखे चुरा लेना।

35. जब तक मनुष्य पर ज़िम्मेदारी नहीं आती, तब तक उसे .......... पता नहीं चलता। *(CBSE 2017)*
(क) आटे-दाल का भाव पता चलना (ख) कान पर जूँ न रेंगना
(ग) ज़मीन पर पाँव न पड़ना (घ) छठी का दूध याद आना।

36. लक्ष्मीबाई ने अपनी वीरता से अंग्रेज़ों के .......... दिए। *(CBSE 2018)*
(क) होश उड़ाना (ख) दाँत खट्टे करना
(ग) प्राण पखेरू उड़ना (घ) घाव हरे होना।

37. विशेषज्ञ विद्वान को समझाना ऐसा ही है, जैसे .......... । *(CBSE 2019)*
(क) अपना उल्लू सीधा करना (ख) जले पर नमक छिड़कना
(ग) सूरज को दीपक दिखाना (घ) ऊँट के मुँह में जीरा होना।

38. गणित का गृहकार्य करना मुझे .......... प्रतीत होता है। *(CBSE 2019)*
(क) फूलों की सेज (ख) लोहे के चने चबाना
(ग) गड़े मुर्दे उखाड़ना (घ) अंधे की लकड़ी

39. मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में हमेशा .......... चाहिए। *(CBSE 2019)*
(क) पीठ दिखाना (ख) अपना उल्लू सीधा करना
(ग) हिम्मत से काम लेना (घ) कलेजे पर पत्थर रखना।

40. मालिक ने नौकर को चोरी करते .......... लिया। *(CBSE 2020)*
(क) रँगे हाथों पकड़ना (ख) नौ दो ग्यारह होना
(ग) लकीर का फ़कीर होना (घ) लोहे के चने चबाना।

41. सरपंच साहब ने गाँव को स्वच्छ करने का .......... है। *(CBSE 2020)*
(क) आसमान सिर पर उठाना (ख) बीड़ा उठाना
(ग) चक्कर चलाना (घ) आवाज़ उठाना।

42. यह प्रश्न हल करना मेरे लिए .......... है। *(CBSE 2020)*
(क) उलटी गिनती गिनना (ख) गड़े मुर्दे उखाड़ना
(ग) बाएँ हाथ का खेल होना (घ) आँख चुराना।

43. निराशा में प्रतीक्षा ही .......... होती है।
(क) आखिरी पूँजी (ख) टेढ़ी खीर
(ग) अंधे की लाठी (घ) घर की खेती।

44. कभी-कभी दर्शन देते हो तुम तो .......... गए हो।
(क) कूप-मंडूक होना (ख) हवा हो जाना
(ग) ईद का चाँद होना (घ) हक्के-बक्के रह जाना।

45. एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हार के बाद विरोधी टीम के सदस्यों के .......... गए हैं।
(क) चेहरा मुरझाना (ख) चेहरा खिलना
(ग) चेहरा सफ़ेद पड़ना (घ) इनमें से कोई नहीं।

46. आजकल परीक्षा भवन में बच्चे .......... नकल करने में कुशल हो गए हैं।
(क) आँखों में चमक आना (ख) आँखों से बोलकर
(ग) आँख उठाना (घ) आँख मिचौली करना।

47. भारतीय सैनिकों ने पलक झपकते ही शत्रु सैनिकों का .......... कर दिया।
(क) मार डालना (ख) जान बख्श देना
(ग) काम तमाम कर देना (घ) जीवन नर्क करना।

48. हमारे सैनिक इतने बहादुर हैं कि अपने शत्रुओं के .......... देते हैं।
(क) छक्के छुड़ाना (ख) ज़मीन पर पाँव न रखना
(ग) सुध-बुध खोना (घ) जान बख्श देना।

49. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रोहन के माता-पिता की ..........।
(क) खुशी का ठिकाना न रहा (ख) त्योरियाँ चढ़ना
(ग) हिम्मत टूटना (घ) सुध-बुध खो जाना।

50. रीता की सुंदर लिखावट देखकर शिक्षिका ने .......... ली।
(क) तलवार खींचना (ख) आँखें बिछाना
(ग) दाँतों तले उँगली दबाना (घ) आँखें फेरना।

51. शिक्षक के बार-बार .......... पर भी श्याम ने अपनी शैतानी बंद नहीं की।
(क) आँखें फोड़ना (ख) दबे पाँव आना
(ग) आड़े हाथों लेना (घ) आँखें दिखाना।

52. कुएँ में विशाल साँप को देखकर लेखक के .......... गए।
(क) हाथ-पाँव फूल जाना (ख) प्राण सूखना
(ग) अंग-अंग टूटना (घ) इनमें से कोई नहीं।

**53. बड़े भाई साहब ·········· बाद ही एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जा सके।**
(क) खाक छानना (ख) जान पर खेलना
(ग) प्राणांतक परिश्रम करना (घ) एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना।

**54. सड़क पर गाड़ी तेज़ चलाने का मतलब है ·········· कब दुर्घटना हो जाए भरोसा नहीं।**
(क) घड़ों पानी पड़ना
(ख) सिर पर तलवार लटकना
(ग) आकाश से तारे तोड़ना
(घ) अपने पाँवों पर कुल्हाड़ी मारना।

**55. वह रात-दिन ·········· रहता है, परंतु उसके लिए कभी परिश्रम नहीं करता।**
(क) आवाज़ उठाना (ख) आकाश-पाताल एक करना
(ग) सपनों के महल बनाना (घ) टाँग अड़ाना।

**56. बीमारी ने मोहन को लोगों के सामने ·········· मज़बूर कर दिया।**
(क) हाथ फैलाना (ख) अपना उल्लू सीधा करना
(ग) आवाज़ उठाना (घ) आँखें फेर लेना।

**57. माली को देखते ही अमरूद तोड़ते बच्चे बगीचे से ··········।**
(क) खिल्ली उड़ाना (ख) नौ दो ग्यारह होना
(ग) बगलें झाँकना (घ) भाग जाना।

**58. सैनिकों ने दुश्मन को ··········।**
(क) आड़े हाथों लेना (ख) राह दिखाना
(ग) नीचा दिखाना (घ) नाकों चने चबाना।

**59. देर रात घर लौटते देखकर बड़े भाई साहब छोटे भाई पर ··········।**
(क) आग बबूला होना (ख) तलवार खींच लेना
(ग) बहुत क्रोध में आना (घ) आवाज़ उठाना।

**60. परीक्षा में नकल करते समय आज अनेक छात्र ··········।**
(क) घड़ों पानी पड़ना (ख) रंगे हाथ पकड़ना
(ग) आपे से बाहर होना (घ) अक्ल का दुश्मन।

**61. नाविक ने मोहन को उमड़ती हुई नदी पार कराने की ·········· ली।**
(क) कमर कसना (ख) लौ लगना
(ग) खाक छानना (घ) लीक पकड़ना।

**62. चोर ने ·········· घर में घुसकर सभी गहने चुरा लिए।**
(क) दबे पाँव आना (ख) बगलें झाँकना
(ग) आगे-पीछे फिरना (घ) आँखों में धूल झोंककर।

**63. आज तो मैंने तुम्हारी ·········· अगर कल भी तुमने काम से जी चुराया तो खैर नहीं।**
(क) हवा निकालना (ख) ईंट बजाना
(ग) जान बख्श देना (घ) बाल की खाल निकालना।

**64. परीक्षा के दिनों में छात्र पढ़ते-पढ़ते ·········· लेते हैं।**
(क) आड़े हाथों लेना (ख) आँखें फोड़ना
(ग) आँखों में धूल झोंकना (घ) दाँतों तले उँगली दबा लेना।

**65. पति की मृत्यु के पश्चात् तो उसका पुत्र ही उसके लिए ·········· है।**
(क) आँख का तारा (ख) अंधे की लकड़ी
(ग) घर की खेती (घ) आँख का काँटा।

**66. वह स्वभाव से इतना उग्र है कि बात-बात पर ·········· है।**
(क) तलवार खींच लेता (ख) खिल्ली उड़ाने लगता
(ग) आँखें चुरा लेता (घ) इधर-उधर ही हाँकने लगता।

**67. तताँरा किनारे पर खड़ा वामीरो की ·········· रहा था।**
(क) घड़ियाँ गिन (ख) बाट जोह
(ग) अगर-मगर कर (घ) बगलें झाँक।

**68. 'अंधे के हाथ बटेर लगना' का अर्थ है–**
*(CBSE SQP 2021 Term-1)*
(क) अच्छा भाग्य
(ख) अच्छी वस्तु प्राप्त होना
(ग) भाग्यवश अच्छी वस्तु प्राप्त होना
(घ) अंधे व्यक्ति को बटेर प्राप्त होना।

**69. 'सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ··········।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए–** *(CBSE SQP 2021 Term-1)*
(क) बाज़ी लगा देते हैं (ख) जान लगा देते हैं
(ग) ताकत लगा देते हैं (घ) सुरक्षा लगा देते हैं।

**70. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का सही अर्थ है–**
*(CBSE SQP 2021 Term-1)*
(क) कुछ न करना
(ख) थोड़े में बहुत कुछ कह देना
(ग) गागर में सागर का पानी भर देना
(घ) लंबी-चौड़ी बातें करना।

**71. 'कभी नौकरी ढूँढ़ने निकलोगे तो ··········।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए–** *(CBSE SQP 2021 Term-1)*
(क) ज़मीन पर पाँव न रखना
(ख) आटे-दाल का भाव मालूम होगा
(ग) दीवार खड़ी करना
(घ) नाम निशान मिटाना।

**72. 'विद्यालय के वार्षिकोत्सव में इतने अधिक काम थे कि उन्हें निपटाते-निपटाते ··········।' उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए–**
*(CBSE SQP 2021 Term-1)*
(क) दीन-दुनिया से गया (ख) शब्द घाट डाला
(ग) दाँतों पसीना आ गया (घ) डेरा डाल दिया।

**73. 'निराशा के बादल छँटना – मुहावरे का सही अर्थ है–**
*(CBSE 2021 Term-1)*
(क) कुछ अच्छा होना (ख) परेशान होना
(ग) उदासी दूर होना (घ) दुःखी हो जाना।

**74. 'व्यंग्य करना' वाक्यांश के लिए उपयुक्त मुहावरा है–**
*(CBSE 2021 Term-1)*
(क) सूक्ति बाण चलाना (ख) आड़े हाथों लेना
(ग) दाँतों पसीना आना (घ) बहुत फज़ीहत करना।

**75. ईश्वर को पाने के लिए ·········· ही पड़ता है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए–** *(CBSE 2021 Term-1)*
(क) बेराह चलना (ख) आपा खोना
(ग) मुँह की खाना (घ) लोहा मानना।

**76. मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प चयन कीजिए–**
*(CBSE 2021 Term-1)*
(क) घुड़कियाँ खाना – साहस प्राप्त होना
(ख) तलवार खींचना – सब कुछ नष्ट करना
(ग) पन्ने रँगना – व्यर्थ में लिखना
(घ) आग-बबूला होना – अपने वश में रहना।

उत्तर–**1.** (ख) **2.** (घ) **3.** (ख) **4.** (ग) **5.** (ग) **6.** (घ) **7.** (ग) **8.** (ख) **9.** (घ) **10.** (घ) **11.** (घ) **12.** (क) **13.** (ख) **14.** (क) **15.** (ख) **16.** (ग) **17.** (ख) **18.** (घ) **19.** (ग) **20.** (ग) **21.** (ख) **22.** (ख) **23.** (ख) **24.** (घ) **25.** (ग) **26.** (ख) **27.** (घ) **28.** (क) **29.** (ख) **30.** (ग) **31.** (ग) **32.** (क) **33.** (ख) **34.** (ग) **35.** (क) **36.** (ख) **37.** (ग) **38.** (ख) **39.** (ग) **40.** (क) **41.** (ख) **42.** (ग) **43.** (ग) **44.** (ग) **45.** (क) **46.** (ख) **47.** (ग) **48.** (क) **49.** (क) **50.** (ग) **51.** (घ) **52.** (ख) **53.** (घ) **54.** (ख) **55.** (ग) **56.** (क) **57.** (ख) **58.** (घ) **59.** (क) **60.** (ख) **61.** (क) **62.** (क) **63.** (ग) **64.** (ख) **65.** (ख) **66.** (क) **67.** (ख) **68.** (ग) **69.** (क) **70.** (ख) **71.** (ख) **72.** (ग) **73.** (ग) **74.** (क) **75.** (ख) **76.** (ग)।

# अभ्यास प्रश्न

*निर्देश–निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए–*

**1. हिंदी में पद होते हैं–**

(क) चार (ख) पाँच
(ग) सात (घ) आठ।

**2. निम्नलिखित में विशेषण पदबंध है–**

(क) वह अब तक सो चुका होगा।
(ख) रात-दिन मेहनत करने वाला छात्र प्रथम आया है।
(ग) मैं इधर-उधर भटक रहा था।
(घ) उसके बाल सुंदर हैं।

**3. संज्ञा पदबंध है–**

(क) दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ी
(ख) सदैव सबका साथ देने वाले तुम
(ग) पत्थर से भी अधिक कठोर
(घ) सोच-समझकर चलने वाले आप।

**4. 'बूढ़ा धीरे-धीरे लँगड़ाता हुआ चल रहा था।' वाक्य में रेखांकित है–**

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध।

**5. 'फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया।' –रेखांकित पदबंध का भेद है–**

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध।

**6. वाक्य में जिसके विषय में बात की जाती है, उसे कहते हैं–**

(क) कर्म (ख) क्रिया
(ग) पूरक (घ) उद्देश्य।

**7. जिस वाक्य में एक ही मुख्य क्रिया होती है, उसे कहते हैं–**

(क) संयुक्त वाक्य (ख) सरल वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं।

**8. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | वह मेरे पास आया और वापस चला गया। | i | सरल वाक्य |
| 2 | मैं प्रतिदिन व्यायाम करता हूँ। | ii | मिश्र वाक्य |
| 3 | मैंने बताया था कि वहाँ खतरा है। | iii | संयुक्त वाक्य |

विकल्प

(क) 1 i, 2 ii, 3 iii (ख) 1 iii, 2 i, 3 ii
(ग) 1 ii, 2 iii, 3 i, (घ) 1 iii, 2 ii, 3 i.

**9. निम्नलिखित में सरल वाक्य है–**

(क) मीरा ने समर्पण भाव से कृष्ण की आराधना की।
(ख) उसने कहा कि कल अवकाश रहेगा।
(ग) जहाँ तुम जाओगे, वहाँ मैं भी जाऊँगा।
(घ) घर जाओ और कुछ पैसे ले आओ।

**10. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है–**

(क) मेरे और भाई साहब के बीच अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया
(ख) आखिर आदमी को कुछ तो अपनी पोज़ीशन का खयाल रखना चाहिए
(ग) जब से माताजी ने प्रबंध अपने हाथ में ले लिया है, तब से घर में लक्ष्मी आ गई है
(घ) मेरे रहते तुम बेराह न चलने पाओगे।

**11. दो या दो से अधिक पदों को संक्षिप्त कर नया शब्द बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं–**

(क) संधि (ख) समास
(ग) पदबंध (घ) पद-परिचय।

**12. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | प्रतिदिन | i | अव्ययीभाव समास |
| ii | राजकुमार | ii | कर्मधारय समास |
| iii | नीलकमल | iii | तत्पुरुष समास |
| iv | वंशीधर | iv | बहुव्रीहि समास |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–**

(क) i और iv (ख) i और ii
(ग) i और iii (घ) iii और iv .

**13. विभक्ति-लोप के आधार पर तत्पुरुष के भेद होते हैं–**

(क) चार (ख) पाँच
(ग) छह (घ) सात।

**14. 'जन का आंदोलन' का समस्तपद है–**

(क) जनक्रांति (ख) जनार्दन
(ग) जनांदोलन (घ) जनसमूह।

**15. 'शब्दहीन' शब्द के लिए सही समास विग्रह और भेद का चयन कीजिए–**

(क) शब्द है जो हीन – कर्मधारय (ख) हीन है जो शब्द – तत्पुरुष
(ग) शब्द से हीन – कर्मधारय (घ) शब्द से हीन – तत्पुरुष।

**16. लोक में प्रचलित उक्ति कहलाती है–**

(क) सूक्ति (ख) लोकोक्ति
(ग) लोकवाणी (घ) लोककथा।

**17. 'लाल-पीला होना' का अर्थ है–**

(क) खुश होना (ख) रंग लगाना
(ग) चित्रकारी करना (घ) क्रोधित होना।

**18. वह मेरा धन नहीं दे रहा, लगता है ..........।**

(क) दाल में कुछ काला होना
(ख) सीधी उँगली से घी न निकलना
(ग) गिरगिट की तरह रंग बदलना
(घ) आड़े हाथों लेना।

**19. भारतीय सैनिकों ने पलक झपकते ही शत्रु सैनिकों का .......... कर दिया।**

(क) मार डालना (ख) जान बख्श देना
(ग) काम तमाम कर देना (घ) जीवन नर्क करना।

**20. मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प चयन कीजिए–**

(क) घुड़कियाँ खाना – साहस प्राप्त होना
(ख) तलवार खींचना – सब कुछ नष्ट करना
(ग) पन्ने रँगना – व्यर्थ में लिखना
(घ) आग-बबूला होना – अपने वश में रहना।